an>

Ttile: Need to increase the MSP for rubber -laid.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): त्रिपुरा राज्य के किसान कड़ी मेहनत कर रबर की पैदावार कर रहे हैं परंतु सरकार द्वारा रबर का एम.एस.पी. तय ना होने के कारण किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम नहीं मिल पा रहा है ।

वर्तमान की बात करें तो त्रिपुरा देश का दूसरा ऐसा राज्य है जहां रबर की सबसे ज्यादा पैदावार होती है । एक सरकारी आंकड़े के अनुसार वर्तमान में त्रिपुरा में 60 हजार टन रबर की पैदावार हो रही है, परंतु किसान को उसकी फसल का सही दाम ना मिलने के कारण किसानों का रुझान रबर की खेती के प्रति कम होता जा रहा है ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि रबर का एम.एस.पी. कम से कम 170 रुपए तय किया जाये ताकि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा मिल सकें और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सके ।